

एक नजर में

## गाँधीसागर नम्बर 8 में शिवरात्रि पर मंदिर पुनर्निर्माण व प्रतिमा स्थापना, भक्तिमय माहौल में संपन्न



**गाँधीसागर।** क्षेत्र के नम्बर 8 स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव मंदिर के पुनर्निर्माण एवं प्रतिमा स्थापना का भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। जनसहयोग से निर्मित मंदिर में माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय जी, नंदी महाराज तथा कलश की विधिवत स्थापना की गई। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। शनिवार को चम्बल नदी तट से श्रीराम मंदिर तक महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर मां चंबल को चुनरी अर्पित की गई। तत्पश्चात हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। प्रतिमा स्थापना के लिए आयोजित बोली में पंकज क्षौत्रिय ने 52,500 रुपये की सर्वाधिक बोली लगाई। रविवार को प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना के साथ दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी महिला समिति की सदस्यों मांगी सिसौदिया, शीला सेन, सुनीता शर्मा, अनिता आर्य, पुष्पा बबाना, इंदिरा सांखला, ज्योति धुर्वे, कला मरमट, कल्पना श्रीवास्तव, गीता जटिया, किरण चौहान, उषा माटा एवं गिरीजा बबाना सहित अन्य सदस्यों ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन पूरन माटा ने किया तथा समिति अध्यक्ष पंकज क्षौत्रिय ने आभार व्यक्त किया। यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक एकता, जनसहयोग और धार्मिक आस्था का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

## शिशुवन वर्ल्ड स्कूल, मंदसौर में स्पिरिटो वार्षिक खेल उत्सव का भव्य आयोजन संपन्न

**मंदसौर।** शिशुवन दी वर्ल्ड स्कूल एवं शिशुवन प्ले स्कूल मंदसौर में वर्ष 2026 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव स्पिरिटो का आयोजन आज अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस खेल उत्सव में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सक्रिय सहभागिता निभाई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उक्त खेल उत्सव स्पिरिटो में रिले रेस, टेबल टेनिस, फुटबॉल और बास्केटबॉल सहित अनेक खेलों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास, टीम भावना, अनुशासन तथा नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में प्रीति राठौर, श्रीमती डॉ. ज्योति शुक्ला एवं वार्निका उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं द्वितीय दिवस (कक्षा 3-12 के विद्यार्थियों हेतु) मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षावीद श्रीमती सुष्मिता दास, सुदीप दास एवं बृजेश जोशी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन अर्जुन सिंह राठौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, धैर्य, संघर्षशीलता तथा लक्ष्य-निर्धारण जैसे गुणों का विकास करते हैं। यह वार्षिक खेल उत्सव स्पिरिटो विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अपनाने तथा खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का एक प्रेरणादायी मंच सिद्ध हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें खेल, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना भी है।

# पिपलिया फोरलेन पर दो दर्दनाक हादसे, कार की टक्कर से दंपत्ती की मौत



**पिपलिया स्टेशन।** महू-नीमच हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क हादसों ने क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। पहले हादसे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में अज्ञात ट्रक की टक्कर से महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ही मामलों में वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**टर्न लेते समय कार ने मारी टक्कर, मौके पर मौत:**-जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब तीन बजे पिपलिया चौपाटी से आगे 'रोड़ के राजा स्थान' के समीप फोरलेन पर यह दर्दनाक हादसा हुआ। पिपलिया जोधा (नारायणगढ़) निवासी दिनेश पिता भंवरलाल जैन अपनी पत्नी विमलाबाई के साथ मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान फोरलेन पर टर्न लेते समय मंदसौर से नीमच की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कई फीट दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस वाहन एवं टोल एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि कार रघुनंद नागदा (27) निवासी बघाना, नीमच चला रहा था, जो घटना के बाद वाहन सहित फरार हो गया। मृत दम्पत्ति अपने पीछे दो बेटियां छोड़ गए हैं। इनमें से एक की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी अभी पढ़ाई कर रही है।

दूसरा हादसा शुक्रवार रात करीब नौ बजे बही चौपाटी पर हुआ। नारायणगढ़ निवासी समरथ (45) पिता उदयराम मालवीय, उदयराम (65) पिता नाथू मालवीय एवं देवकन्या (21) पिता समरथ मालवीय मोटरसाइकिल से एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।

इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल टोल एम्बुलेंस को सूचना दी। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल मंदसौर रेफर किया गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

**पुलिस जांच में जुटी:**- पिपलियामंडी थाना प्रभारी विक्रमसिंह इवने ने बताया कि दोनों मामलों में संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। फरार वाहन चालकों की तलाश की जा रही है।

**क्षेत्रवासियों में रोष, सुरक्षा की मांग:**- लगातार हो रहे सड़क हादसों से क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि फोरलेन पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। नागरिकों ने प्रशासन से स्पीड कंट्रोल के लिए सख्त कार्रवाई, चेतावनी संकेतक एवं आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।



## मध्यप्रदेश की शान बना बीजेएस मन्दसौर चैप्टर, प्रतिष्ठित उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित

**मन्दसौर।** भारतीय जैन संगठना (बीजेएस) मन्दसौर चैप्टर की अध्यक्ष श्वेता पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पावन नगरी उज्जैन में आयोजित राज्य अधिवेशन में बीजेएस मन्दसौर चैप्टर ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से पूरे प्रदेश में विशिष्ट पहचान स्थापित की। अधिवेशन के दौरान चैप्टर को विभिन्न प्रतिष्ठित श्रेणियों में उत्कृष्टता अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

उन्होंने बताया कि मन्दसौर चैप्टर को बेस्ट वूमेन लीडरशिप चैंपियन, बेस्ट एक्टिव वूमेन चैप्टर अवॉर्ड, बेस्ट रिपोर्टिंग ऑफ द ईयर, बेस्ट एक्सीलेरेशन चैप्टर तथा वाइब्रेंट चैप्टर ऑफ द ईयर (फर्स्ट रनर अप) जैसे गौरवपूर्ण अवॉर्ड प्राप्त हुए।

अध्यक्ष श्वेता पोरवाल ने आगे बताया कि भारतीय जैन संगठना मन्दसौर चैप्टर ने पूरे वर्ष में 66 प्रोजेक्ट पूर्ण किए, साथ ही 13 फाउंडेशन प्रोग्राम में से 12 फाउंडेशन प्रोग्रामों का सफल संचालन किया। इसके अतिरिक्त स्मार्ट गर्ल सेमिनार कैंप का भी सफल आयोजन मन्दसौर चैप्टर द्वारा किया गया, जिसे व्यापक सराहना मिली।

यह सम्मान शांतिलाल मुथ्था, संस्थापक भारतीय जैन संगठना एवं नंदकिशोर सांखला, राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जैन संगठना के करकमलों से सभी राष्ट्रीय एवं राज्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में मन्दसौर चैप्टर को प्रदान किए गए।



## पोरवाल सोशल ग्रुप ने गौशाला में सेवा कार्य कर मनाया पुण्यतिथि व वर्षगांठ का उत्सव

**मंदसौर। श्री पशुपतिनाथ पोरवाल कपल सोशल ग्रुप मंदसौर के तत्वावधान में सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की गई। समूह के सदस्यों ने स्थानीय 10 नम्बर नाका स्थित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला पहुँचकर विभिन्न मांगलिक और पुण्य प्रसंगों पर गौ-सेवा का प्रकल्प पूर्ण किया। इस अवसर पर गौमाता को हरा चारा और गो आहार खिलाकर जीव दया का संकल्प लिया गया।**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दो विशेष प्रसंग रहे। सर्वप्रथम, ग्रुप की सचिव श्रीमती रचना पंकज पोरवाल की वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में परिवार दम्पत्ति द्वारा गौशाला में विशेष सेवा प्रदान की गई वहीं मनीष मुजावदिया (बिग बी) द्वारा अपनी स्वर्गीय माताजी श्रीमती गीतादेवी मुजावदिया की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु गौ-आहार दान किया गया।

इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्षा श्रीमती अर्चना प्रदीप घाटिया ने संबोधित करते हुए कहा कि पर्व और स्मृतियों को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर उन्हें सेवा से जोड़ना ही हमारे ग्रुप का मुख्य उद्देश्य है। गौ-सेवा से मन को जो शांति मिलती है, वह अद्वितीय है।

एक नजर — राजयोग से आत्मजागृति का संदेश

# महाशिवरात्रि पर पिपलिया मंडी में आध्यात्मिक उल्लास

**पिपलियामण्डी।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरे परिसर को आकर्षक सजावट, रोशनी एवं आध्यात्मिक संदेशों से सुसज्जित किया गया था।



कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक दीप प्रज्वलन से हुआ। दीपों की ज्योति के साथ वातावरण में शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात प्रात:कालीन मुरली सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें सेवा केन्द्र प्रभारी बीके वर्षा दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व अज्ञान, अशांति और विकारों से ग्रस्त है। ऐसे समय में परमात्मा शिव ज्ञान के सागर के रूप में अवतरित होकर मानवता को सत्य, शांति और पवित्रता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि आत्मा और परमात्मा के पवित्र मिलन का पर्व है। राजयोग साधना के माध्यम से आत्मा अपने मूल स्वरूप—शांति, प्रेम और आनंद—को अनुभव कर सकती है। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना करें। कार्यक्रम में बीके योगिता दीदी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में केवल भौतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक ज्ञान भी उतना ही आवश्यक है। 'शिव' शब्द का अर्थ ही कल्याणकारी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे महाकालेश्वर शिव ने समुद्र मंथन के समय विषपान कर सृष्टि की रक्षा की, वैसे ही आज मनुष्य को राजयोग के अभ्यास से अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ और अहंकार रूपी विष को समाप्त करना चाहिए। उन्होंने बताया कि परमपिता शिव वर्तमान समय में मानव जीवन को श्रेष्ठ दिशा देने का संदेश दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान शिव बाबा को भोग अर्पित किया गया। दीप प्रज्वलन एवं केक कटिंग सेरेमनी के पश्चात पवित्र शिव ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर दीदी द्वारा सभी को श्रेष्ठ आचरण अपनाने एवं नशामुक्त, सदाचारयुक्त जीवन जीने की प्रतिज्ञा कराई गई।

## नीमच

एक नजर में

### ट्रैफिक पुलिस का भ्रष्ट आरक्षक बर्खास्त

**इंदौर.** पुलिस ने भ्रष्टाचार के मामले में प्रधान आरक्षक 2244 राजेश जायसवाल को सेवा से बर्खास्त कर दिया. 26 जनवरी को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वह ड्यूटी के दौरान चालान के नाम पर पैसे लेने की बात करते दिखा. विभागीय जांच में भ्रष्ट आचरण और अनुशासनहीनता पाए जाने पर डीसीपी ट्रैफिक ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसे बर्खास्त कर दिया.

### सुनील खरे प्रदेश सचिव नियुक्त



**महू.** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस एनजीओ में महू के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुनील खरे को मध्यप्रदेश का सचिव नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति पर अमित वर्मा, प्रकाश चौहान, अमित गोगलिया, परमानंद त्रिपाठी, शुभम डागर, हिमांशु सिरोया आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी. खरे अगले सप्ताह नई दिल्ली राष्ट्रीय कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे.

### 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे नहीं, मातृ-पितृ दिवस मनाया




**महू.** विपुल कृष्ण महाराज के सानिध्य में 14 फ़रवरी को धार नाका महू में ग्वाला समाज धर्मशाला में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया. इस पावन कार्यक्रम में लोग सहपरिवार शामिल हुए. इस अवसर पर बालक-बालिकाओं ने अपने माता-पिता का पूजन किया. पूज्य विपुल महाराज ने सभी को वेलेंटाइन डे के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए बच्चे कैसे अपने माता-पिता के पूजन से महान बनें ये बताया. कार्यक्रम का संचालन सुमन दीदी ने किया एवं आभार राजीव सोनी ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नवीन जोशी कोषाध्यक्ष बीएल सैनी, मदनलाल शर्मा, राधेश्याम कर्मा, बैजनाथ पाटीदार, पंकज देवड़ा, महेंद्र रियार, गौरव सिंह तंवर एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. यह जानकारी युवा सेवा संघ के अध्यक्ष गौरव सिंह तंवर द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी गई.

### 100 बौद्ध भिक्षु नंगे पैर कर रहे 450 किमी की धम्म पदयात्रा

**महू.** डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर जन्मभूमि स्मारक आंदोलन के नेता ओर वर्षों तक अपनी सेवा देने वाले डॉ मोहन राव वाकोड़े गगन मलिक फाउंडेशन के बैनर तले गुलबर्गा कर्नाटक सिद्धार्थ बौद्ध विहार से 450 किलोमीटर की धम्म पदयात्रा पर निकले हैं, जिसका नेतृत्व फिल्म अभिनेता डॉ. गगन मलिक कर रहे हैं. यात्रा में भगवान बुद्ध का पवित्र अस्थिकलश रथ में रखा गया है. साथ ही थाईलैंड देश के 100 बौद्ध भिक्षु नंगे पैर कठिन पद यात्रा कर रहे हैं. डॉ. मोहन राव वाकोड़े ने बताया कि लगभग सभी बौद्ध भिक्षुओं के पैरों में छाले पड़ गए, वह खुद ही अपने पैरों में टांके लगाकर चल रहे हैं. इस यात्रा में एक डॉगी भी शामिल हो गया है, जो बौद्ध भिक्षुओं के साथ यात्रा करता है और रात में भगवान की अस्थियों के पास बैठता है. यह यात्रा 3 मार्च को तेलंगाना के बुद्ध वनम नागाअर्जुन सागर पर समाप्त होगी. श्री वाकोड़े अभी तक 175 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चुके हैं.

# सुदामा ने गरीबी का कष्ट स्वीकार किया, लेकिन अपने स्वाभिमान को नहीं छोड़ा: पंकज कृष्ण महाराज

▸ **आरती के साथ कथा की हुई पूर्णाहुति**



**नीमच।** कृष्ण सुदामा के मित्रता का संसार में कोई सानी नहीं है। सुदामा ने जीवन पर्यंत दरिद्रता और गरीबी को अपना लिया था लेकिन कृष्ण से कभी नहीं कहा कि वह उनकी सहायता करें, सुदामा स्वाभिमानी थे, उन्होंने जीवन पर्यंत कष्ट सहन कर कृष्ण के दुखों को अपना दु:ख बना लिया था फिर कृष्ण ने भी समय आने पर अपना ऋण उतार दिया और सुदामा को दो लोक की खुशियों का राज दे दिया था। यह बात पंकज कृष्ण महाराज ने कही। वे धनेरिया रोड बघाना स्थित यादेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा के अंतिम दिवस बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कृष्ण और सुदामा की मित्रता में अमीरी गरीबी की दीवार नहीं थी। श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव के अंतिम दिन पूर्णाहुति हुई। श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा कथा के भवसागर में श्रद्धालुओं ने डुबकियां लगाई। व्यास पीठ पर विराजित गौ भक्त कथा मर्मज्ञ पंकज कृष्ण महाराज ने कहा कि कृष्ण सुदामा की मित्रता आधुनिक युग में आज भी आदर्श प्रेरणादायक कदम है। इस अवसर पर द्वारकाधीश की जय जय कार लगाई गई। कथा आयोजक समिति की ओर से कथा मर्मज्ञ श्री शास्त्री, यज्ञाचार्य पंडित श्री व्यास मंच पर विराजित अत्याधुनिक वाद्य यंत्र के कलाकारों को शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। । श्री कृष्ण लीला की कथा के अंतिम दिन चल रही श्रीमद् भागवत कुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

ने भक्ति रस का प्रवाह करते हुए कहा कि सुदामा ब्रह्मज्ञानी थे, सुदामा जानते थे कि गुरु माता द्वारा दिए गए चने श्रापित हैं फिर भी उन्होंने अपने मित्र श्री कृष्ण के ऊपर दरिद्रता ना आए स्वयं ने श्रापित चने खा लिए और स्वयं ने दरिद्रता अपने ऊपर लेली। हम चाहे कितनी अच्छे? क्यो नही हो, संसार के लोगों का कोई भरोसा नहीं होता है उन्होंने तो सीता माता को भी अग्नि परीक्षा के लिए मजबूर कर दिया था। श्री कृष्ण और जामवंत का 27 दिन युद्ध चला था। पति की सेवा करना पत्नी का कर्तव्य होता है। यदि पत्नी बीमार हो तो पति भी सेवा कर सकता है इसमें कोई अपराध नहीं होता है। जिसका कोई नहीं होता उसके दीनानाथ कृष्ण होते। भक्तों की रक्षा के लिए कृष्ण किस? किस रूप में प्रकट हो जाते है। श्री कृष्ण शांतिदूत बनकर हस्तिनापुर गए थे। सिर्फ पांच गांव मांगे थे। पांडवों के लिए वह भी दुर्योधन ने स्वीकार नहीं किये थे। निर्दोष होने के बाद भी कृष्ण को यदुवंश नष्ट होने का श्राप गांधारी ने दे दिया था। महर्षि दधिचि जी ने संसार के कल्याण के लिए अपनी हड्डियों का दान दे दिया था। संसार में शिक्षा प्रदान करना प्रत्येक ब्राह्मण का कर्तव्य होता है

। श्री कृष्ण ने सांदीपनी गुरु के यहां प्राचिन अवंतिका नगरी उज्जैन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त किया था। गुरु के लिए सभी शिष्य समान होते थे। भारत देश में ऐसे कानून भी चल रहे हैं निर्दोषी होने पर भी सजा मिल जाती है। जब महाराज श्री ने श्री कृष्ण सुदामा मिलन का प्रसंग बताया जिसमें श्री कृष्ण ने भाव विह्वल होकर सुदामा के चरण आंसुओं से धुलाएं। श्री कृष्ण ने सुदामा की पत्नी सुशीला द्वारा भेजे गए दो मुट्ठी चावल में को ग्रहण कर लिया था। तीसरी मुट्ठी चावल भी हाथ में लेने लगे तो रुक्मणी ने हाथ पकड़ कर रोक दिया और कहा कि दो लोक की खुशियों का दान तो दे दिया अब एक लोक अपने लिए भी रख लो, यह नैना विराम दृश्य सुनकर कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। श्री कृष्ण ने सुदामा की गरीबी दूर करने के लिए भगवान विश्वकर्मा से झोपड़ी के स्थान पर सोने के महल बनवा दिया था। सुदामा ने कृष्ण से प्रार्थना की थी कि जो कृष्ण करते है वहअच्छा ही करते हैं। कथा प्रवचन के अंतिम दिन हवन पूजन एवं आरती के साथ प्रसाद के रूप में किया गया इसी के साथ साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन की पूर्णाहुति के साथ कथा का विश्राम हुआ। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पर शिवरात्रि पर लगा भक्तों का तांता

▸ **समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर ने सपत्नीक की पूजा–अर्चना, 101 क्विंटल महाप्रसादी का वितरण**

**नीमच।** नीमच शहर में करीब 500 वर्ष पुराना चमत्कारी शिवलिंग श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान है। जिनके दर्शन मात्र से ही भक्तों के कष्ट दूर होते हैं वहीं मनचाही मनोकामना पूरी होती है।

रविवार को महाशिवरात्रि पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर श्री किलेश्वर महादेव के भी परम भक्त हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर समाज सेवी अशोक अरोरा 'गंगानगर' उनकी धर्म पत्नी श्रीमती मनीता अरोरा के साथ श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और विशेष पूजा अर्चना की। श्री अरोरा की धर्मपत्नी श्रीमती मनीता अरोरा भी धर्म प्रेमी स्वभाव के हैं। किसी भी धार्मिक कार्य में हमेशा आगे रहते हैं। धर्म -दान में भी हमेशा उदार भाव रखते हैं। महाशिवरात्रि पर युवा समाजसेवी अरूल अरोरा गंगानगर की तरफ से श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पर 101 क्विंटल फलियारी खिचडी का वितरण रखा गया। रविवार दोपहर करीब 12 बजे महाप्रसादी वितरण शुरू हुआ, जो देर रात तक चला।

एक नजर — धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन होंगे

# कुकड़ेश्वर में 10 दिवसीय महाशिवरात्रि मेला

**कुकड़ेश्वर।** रविवार को नगर परिषद कुकड़ेश्वर के तत्वावधान में भव्य महाशिवरात्रि मेला धार्मिक एवं व्यापारिक मेले का भव्य आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सहस्त्र मुकेश्वर महादेव की नगरी में महाशिवरात्रि के पुनीत पर्व पर एक भव्य मेले का आयोजन नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है और महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कुकडेश्वर में दिनांक 15 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित 10 दिवसीय भव्य मेले का शुभारंभ किया।

**एसडीएम किरण आंजना ने किया निरीक्षण**

मनासा एसडीएम किरण आंजना ने पूरे मेले में घूम कर दुकानदारों से एवं झूला चकरी वालों से चर्चा कर पूरे मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर परिषद के सभी कर्मचारिगण उपस्थित रहे। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर कुकड़ेश्वर में महाशिवरात्रि के पर्व पर दस दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू द्वारा मेले का शुभारम्भ नगर अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेंद्र पटवा, मेला अध्यक्ष श्रीमती कौशल्या लीलाधर (काजू) मोदी, पार्षद राजू मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि रामू कछावा, विधायक प्रतिनिधि कैलाश मालवीय (घाटी), भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री नरेन्द्र मालवीय, भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री नंदकिशोर मालवीय, मोतीलाल मेघवाल, नायब तहसीलदार नविन छलोत्रे (टप्पा कुकड़ेश्वर), थाना प्रभारी भीमसिंह सिसोदिया, मुख्य नगर परिषद अधिकारी कमल सिंह परमार, मेला अधिकारी गोपाल मालवीय, मेला प्रभारी गोरव आचार्य एवं निकाय के समस्त कर्मचारीगणों, नागरिक गणों की उपस्थिति में किया गया।